
साप्ताहिक
# राष्ट्रीय जनभावना
RNI-MPHIN/2013/53761
वर्ष-12, अंक-22
इन्दौर, सोमवार
22 दिसम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.

**चाणक्य नीति**

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'

मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।



-चाणक्य

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## उज्जैन को तकनीकी, संस्कृति और आर्थिक शक्ति का बनायेंगे केन्द्र : मुख्यमंत्री



**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज का दिन उज्जैन के निवासियों के लिए और हम सबके लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। यह एक अलग इतिहास बनकर स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। उज्जैन जो अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर के लिए विश्व प्रसिद्ध है, अब तकनीकी क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाएगा। उज्जैन में प्राचीनकाल से ही विज्ञान, खगोलशास्त्र और गणित के विद्वान रहे हैं। इसी भूमि पर आधुनिक विज्ञान की नींव रखी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन में आईटी पार्क के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शनिवार को शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने इंदौर रोड़ पर एमपी इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा 46 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होने वाले आईटी पार्क का भूमि पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी फरवरी-2025 में भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर समिट के लोगो को लॉन्च किया। साथ ही इंवेस्टर समिट की ऑफिशियल वेबसाईट investmp.in का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे युवाओं को अब रोजगार की तलाश में घर से अधिक दूर नहीं जाना होगा। हम एक नए ईको सिस्टम का निर्माण करेंगे। वर्तमान समय में देश और प्रदेश में महत्वपूर्ण बदलाव हो रहे हैं। हमारे देश में सबसे अधिक आबादी युवा वर्ग की है। हमारी युवा शक्ति में भविष्य की संभावनाओं को लेकर आगे बढ़ने की सकारात्मक शक्ति है। हमारे युवाओं के हाथ में शक्ति, उनके पैरों में गति और मस्तिष्क में भविष्य की दूरदृष्टि है। बस उन्हें सरकार के प्रोत्साहन की आवश्यकता है। आज हमारे देश के युवा विश्व की कई बड़ी कंपनियों में सीईओ के पद पर पदस्थ हैं तथा भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। आज पूरी दुनिया आशा से भारत की तरफ देख रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में आईटी पार्क के निर्माण के बाद प्रत्यक्ष रूप से 500 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और सहायक सेवाओं (कैफे, परिवहन और आवास) के माध्यम से 1 हजार से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे। यह परियोजना उज्जैन को प्रदेश के प्रमुख आईटी गंतव्यों में शामिल करेगी जिससे निवेश में तेजी आएगी। स्थानीय युवाओं के लिए आईटी और तकनीकी नौकरियों में अवसर बढ़ेंगे। पार्क में स्टार्ट-अप और छोटे उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा। मध्यप्रदेश आईटी और इलेक्ट्रॉनिक मैनुफेक्चरिंग में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। अन्य प्रदेशों के लोग और निवेशक मध्यप्रदेश की ओर रूझान कर रहे हैं। हम उज्जैन को औद्योगिक और आर्थिक समृद्धि के नए शिखर तक पहुंचाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगपतियों और निवेशकों को हर संभव सहायता और सहयोग देने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में हमने रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्कलेव की शुरूआत की ताकि स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिल सके। यह बदलते दौर का मध्यप्रदेश है। आने वाले समय में 3 लाख से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। हमारे प्रदेश की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए निरंतर सड़क मार्ग को सुदृढ़ करने का काम सरकार के द्वारा किया जा रहा है। हवाई मार्ग, रेल मार्ग और सड़क मार्ग के माध्यम से हम देश के किसी भी क्षेत्र में आवागमन सुगमता से कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जहां भी आईटी कॉलेज की आवश्यकता होगी वहां आईटी कॉलेज प्रारंभ किया जाएगा। प्रदेश सरकार के द्वारा आईटी पॉलिसी को निरंतर प्रोत्साहन देने का कार्य किया जा रहा है। सरकार द्वारा एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रतिदिन एक नई सौगात प्रदेशवासियों को प्रदान की जा रही है। राज्यों में परस्पर सामंजस्य बढ़ाने के लिये निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सभी मिलकर देश की प्रगति में योगदान कर रहे हैं। आईटी पार्क के फेज-1 में लगभग 1 लाख 23 हजार वर्ग फीट में आईटी पार्क का निर्माण किया जाएगा। आगामी दो वर्ष में इसकी पूर्ण होने की संभावना है। इसमें 1.2 लाख वर्ग फीट आवंटन योग्य आईटी स्पेस का निर्माण किया जाएगा जहां लगभग 30 आईटी इंडस्ट्री प्लग-एंड-प्ले आधारित मॉडल पर कार्य प्रारंभ कर सकेंगी। आईटी पार्क में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की ग्रीन बिल्डिंग डिजाईन, उच्च गुणवत्ता की इंटरनेट कनेक्टिविटी, अत्याधुनिक डेटा सेंटर और इंक्यूबेशन सेंटर बनाए जाएंगे।

### आईटी पार्क के प्रथम फेज में उपलब्ध जगह से अधिक आए ईओआई

आईटी पार्क के प्रथम फेज में उपलब्ध स्थान से डेढ़ गुना अधिक जगह के लिए निवेशकों के एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने निर्देश दिए कि आईटी पार्क का दूसरा फेज भी इसी के साथ प्रारंभ किया जाए। मुख्यमंत्री ने निक्षय अभियान के अंतर्गत टीबी से शत-प्रतिशत मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंच और आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज शामिल हुए।

**महाराष्ट्र चुनाव में बुरी हार से सीख**

## BMC चुनाव अकेले लड़ सकती है शिवसेना UBT



**मुंबई (एजेंसी)।** महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के साथ सब कुछ ठीक नहीं है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को संकेत दिया कि उनकी पार्टी बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव में अकेले चुनाव लड़ सकती है। पत्रकारों से बात करते हुए, राउत ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता इस बात पर जोर दे रहे हैं कि संगठन स्थानीय निकाय चुनावों में अकेले उतरे, क्योंकि लोकसभा या राज्य विधानसभा चुनावों की तुलना में अधिक उम्मीदवार हैं। बीएमसी चुनाव के लिए उद्धव ठाकरे और पार्टी के अन्य नेताओं के बीच अकेले चुनाव लड़ने के बारे में बातचीत चल रही है। कार्यकर्ता चाहते हैं कि पार्टी अकेले चुनाव लड़े। अविभाजित शिवसेना ने 1997 से 2022 तक लगातार 25 वर्षों तक नकदी से भरपूर बीएमसी को नियंत्रित किया। बीएमसी के पिछले निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल मार्च 2022 की शुरुआत में समाप्त हो गया, और अब लगभग तीन वर्षों के लिए नए चुनाव होने हैं।

राउत ने कहा कि मुंबई में पार्टी की शक्ति निर्विवाद है। उन्होंने कहा कि अगर हमें (विधानसभा चुनाव के दौरान) मुंबई में चुनाव लड़ने के लिए अधिक सीटें मिलतीं।

## भीषण आग से एक ही परिवार के चार की मौत



**देवास (अंतिम यादव)।** मध्यप्रदेश के देवास जिले में एक मकान में लगी भीषण आग से एक दंपति और उनके दो बच्चों की मौत हो गई।

नाहर दरवाजा पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात नयापुरा के एक डेयरी संचालक में आग लग गई। उनकी नीचे डेयरी थी और ऊपर पूरा परिवार रहता था। देर रात मकान में अचानक आग भड़क गई। मौके पर अग्निशमन पहुंची और आग को बुझाया। हादसे में डेयरी संचालक और उनके पूरे परिवार की दम घुटने से मौत हो गई। आग के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि डेयरी नीचे की मंजिल पर थी और दूसरे मंजिल पर परिवार रहता था। पहली मंजिल खाली थी। समझा जा रहा है कि आग डेयरी से फैली और पहली मंजिल पर रखे सामान की वजह से भड़की।

## कांग्रेस की लगातार हार से उठने लगे बदलाव के स्वर, नेतृत्व ब्लूप्रिंट की तैयारी में

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कांग्रेस बदलाव की आहट कई महीनों से सुनाई दे रही है। पार्टी नेतृत्व ने इस बारे में कई मौकों पर संकेत दिया है, लेकिन अभी तक पार्टी में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला है, लेकिन अब पार्टी के अंदर से बदलाव की आवाज जोर-शोर से उठने लगी है। कांग्रेस नेताओं का एक बड़ा वर्ग अगले हफ्ते बेंगलुरु में होने वाली बैइक का इंतजार कर रहा है। 26 दिसंबर को बैठक होनी है। उसके बाद बदलाव नहीं हुआ तो एक बार फिर से पार्टी का पुराना सिरदर्द जी-23 समूह सक्रिय हो सकता है। इस बार जी-23 में दूसरे नेता होंगे। इन नेताओं का आरोप है कि पार्टी के अंदर फैसले नहीं होने से कार्यकर्ताओं में अब बेचैनी नजर आने लगी है। नेताओं का यह समूह पार्टी को चेतावनी दे रहा है कि अगर अब फैसले नहीं लिए तो ये कार्यकर्ता अपने लिए नया विकल्प तलाशना शुरू कर देंगे। कांग्रेस नेतृत्व को भी इसका अहसास हो गया है और वह बदलाव का ब्लूप्रिंट जल्द पेश करने की तैयारी में है।

### एक बार फिर सक्रिय हो सकता पार्टी का जी-23 समूह



दरअसल, बदलाव की सारी प्रक्रिया एक अहम पद पर आकर रुक रही है। पार्टी के इस सबसे अहम पद पर किस तरह का बदलाव हो और किसे वहां रखा जाए, यही चुनौती इसमें सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। पार्टी के सीनियर नेता मणिशंकर अय्यर अपनी किताब में उन्होंने कई गंभीर सवाल उठाए हैं। हालांकि उनके सवालों की कोई खास चर्चा नहीं हो पाई। पार्टी को उनसे यह उम्मीद नहीं थी कि वह अपनी किताब में ऐसे सवाल उठाएंगे। अब चर्चा हो रही है कि पार्टी के एक और सीनियर नेता अपनी किताब लेकर आ रहे हैं। पार्टी नेतृत्व किताब का कंटेंट पता लगाने की कोशिश कर रहा है।

# संसद में प्रियंका की धमाकेदार शुरुआत

**श्याम यादव**

नव निर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी ने अपनी संसदीय पारी का आगाज जिस अंदाज और शैली में किया उससे पक्ष विपक्ष दोनों अचंभित हैं । लोकसभा में संविधान पर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष ही नहीं भारतीय जनता पार्टी को भी बता दिया कि भले ही वे पहली बार सांसद बनी हैं लेकिन देश की राजनीति को खूब समझती हैं । भारतीय जनता पार्टी के लिए नई चुनौती के रूप में सामने आई प्रियंका गांधी का काट ढूंढने की कोशिश सत्ता पक्ष में शुरू हुए बिना नहीं रहेगी ।संसद में इसे प्रियंका की छोटी लेकिन पहली सफलता के तौर पर देखा जाए तो ताज्जुब नहीं होगा। राजनीति टीकाकारों का तो यहां तक कहना है कि प्रियंका के इस पहले भाषण ने 20 वर्षों से सांसद और इस बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष उनके भाई राहुल गांधी के लिए भी कुछ बेहतर करने की चुनौती पेश कर दी है । यह उम्मीद बेमानी नहीं है कि जल्दी ही प्रियंका अपने भाई से आगे निकल सकती हैं । राहुल द्वारा वायनाड सीट से त्यागपत्र देने के बाद उसी सीट से उनसे भी ज्यादा मतों से जीत कर संसद में पहली बार प्रवेश करने वाली प्रियंका ने मतदातो में अपनी स्वीकार्यता की पहली परीक्षा ऊंचे अंकों से उत्तीर्ण की है ।उनकी इतनी चमकीली पहली सफलता की उम्मीद कइयों को नहीं थी। वैसे तो प्रियंका राजनीति में नई नहीं हैं।वे उत्तरप्रदेश में अपने पिता स्व राजीव गांधी के समय से जुड़ी रही हैं। अपनी मां सोनिया गांधी के लिए भी वे रायबरेली में चुनाव प्रचार में अहम किरदार निभाती रही हैं।उत्तर प्रदेश में उनकी सक्रियता के चलते यह भी माना जाने लगा था कि वे इस बार के लोकसभा चुनाव में अमेठी की अपने परिवार की परंपरागत सीट से उम्मीदवार होंगी।लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया । सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने के बाद पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता किशोरी लाल शर्मा ने भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को पराजित कर इस सीट को एक बार फिर कांग्रेस के खाते में दर्ज करवा दिया । राहुल गांधी द्वारा खाली की गई वायनाड सीट से उपचुनाव लड़कर प्रियंका संसद में पहुंची हैं । संविधान पर चर्चा में प्रियंका गांधी ने साफ सुथरी भाषा में बेहद सधे तरीके से सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर लिया। ऐसा लगा जैसे कोई मंजा हुआ राजनीति का अनुभवी खिलाड़ी बोल रहा हो। विषय के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री को मणिपुर जैसे मुद्दे पर भी घेरा और संविधान को माथे पर लगाने के उपक्रम को भी। इतना ही नहीं शुद्ध हिंदी में अपनी दादी श्रीमती इंदिरा गांधी की शैली और अंदाज की झलक दिखलाते हुए प्रियंका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपने कार्यकलाप गिनाने की मांग कर दी। गांधी परिवार के पितृ पुरुष और प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और अपनी दादी के कामों की याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि जिसने जो किया उसका उन्हें प्रतिफल मिला। आप क्या कर रहे है ये बताइए? अपने पहले संसदीय भाषण में प्रियंका ने वह साफगोई और परिपक्वता दिखाई जो लगभग दो दशक के अपने संसदीय सफर में राहुल गांधी नहीं दिखा सके । संभवतः प्रियंका गांधी में दिखते उनकी दादी के हाव भाव ही वह कारण हैं कि पूरे सदन ने प्रियंका का वह भाषण बिना किसी टोका टोकी के सुना ।राहुल गांधी ने स्वीकार किया है कि प्रियंका मुझसे कहीं अधिक अच्छा बोलती हैं । मीडिया ने भी प्रियंका के इस भाषण को हाथोंहाथ लिया। इस मौके पर प्रियंका अपने बैगको लेकर संसद और मीडिया में चर्चा का विषय बनी रहीं जिस पर फिलिस्तीन का उल्लेख था जिसके जरिए वे मोदी और उनकी फिलिस्तीन संबंधी नीति पर प्रहार करती दिखी ।।यह रणनीति उनके सलाहकारों की हो या खुद उनकी , लेकिन यह कहा जा सकता है कि अपने संसदीय जीवन के प्रारंभ से ही प्रियंका का असर भाजपा पर दिखने लगा है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से कांग्रेस को सक्रिय करने की कोशिश की ।वे कितना सफल हुए यह अलग विषय हो सकता है लेकिन प्रियंका ने तो सीधे सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को निशाना बनाकर धमाके के साथ अपनी संसदीय पारी की शुरुआत की है ।





# भूली बिसरी यादें

जब मैं नन्ही बालिका थी मुझे अपनी दादी का हंसता चेहरा बहुत प्रभावित करता था! कारण उनके आगे के दो दांतों में सोना जड़ा हुआ था। उनके खिलखिलाते ही स्वर्णिम आभा चहुंओर फैल जाती। मेरा बालमन उन सुनहले चमक में खो जाता, दांतों में टॉप्स पहन रखा है दादी।

ना रे सोना जड़वाया है मरने पर मेरे साथ जायेगा। फिर वही खिल-खिल!

अच्छी भली मेरी प्यारी दादी.. ऐसे कोई मरता है क्या?

मन की बात मन में ही रह गई।

मेरी माई के बायें हाथ में मेरे बाबूजी का नाम अंग्रेजी में लिखा हुआ था। जिसे गोदना कहते थे ।आज के युवाओं में टैटू आधुनिक फैशन का परिवर्तित रुप है। उनके सजावट का अहम हिस्सा है।





मेरे अम्मा जी के बायें हाथ में बाबूजी (ससुरजी) का नाम अंग्रेजी में गोदा हुआ था। मैं कौतूहल वश माई, अम्मा जी दोनों से पूछती, आपलोगों को अंग्रेजी आती थी !

वे गर्व से कहती, तब अंग्रेजी हुकूमत थी हम साक्षर हैं अंग्रेजी अनिवार्य था।

मेरी आंखें टिम-टिम करती।

आज उम्र के इस मोड़ पर चिंतन करती हूं कितने विशाल दिलवाले थे हमारे बड़े..?

दांतों में सोना गढ़वा ,हाथों में पति के नाम का गोदना गुदवा मानों अपना लोक-परलोक सुधार परम संतुष्टि का अनुभव करते थे।

एक हम हैं बैंक-बैलेंस ,बीमा एक जिम्मेदारी निपटी नहीं कि दूसरे के लिए जद्दोजहद ।रिश्तों में खींचतानी। किसी को किसी की परवाह नहीं। बस पैसों, गिफ्ट सहूलियतों का नाता। परिवार का हर सदस्य स्वयं निर्णय लेने में सक्षम ।किसी की भावनाओं ,न्यूनतम आवश्यकताओं से कोई लेना-देना नहीं। हर कोई मालिक बनने के लिए तैयार.. उत्तरदायित्व उठाने के लिए नहीं।

ईर्ष्या द्वेष असहिष्णुता लोभ हम दो हमारे दो के अलावा और कोई बर्दाश्त नहीं। अपनों को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति ..किस दिशा में जा रहा है समाज। ईश्वर ही मालिक है।

स्त्री विमर्श पुरुष मनोविज्ञान और क्या -क्या में उलझी लेखनी।

जैसे-जैसे समय बीत रहा है.. नई-नई समस्यायें जटिलताएं उलझने आ रही हैं। कितने अपने काल-कवलित हो गये। नये रिश्ते बने पुराने छूट गए। हम दो अक्षर पढ़ क्या गये अपने आप को सर्वश्रेष्ठ समझने लगे। सामने वाले को कष्ट पहुंचाकर तुष्टीकरण करने लगे।

बड़ी जतन यह मानुष तन पावा।।

इसी शरीर का अपनी नकारात्मक सोच, बेढंगा जीवनशैली अनाप-शनाप खाकर असमय ही रुग्न जर्जर कर चिकित्सक के पीछे भागते हैं।

अब भी संभलो हे इंसान.. रिश्तों को सहेजिये। जीवनयापन घर-गृहस्थी के लिए जो बन पड़े करें। इंसानियत मानवता परोपकार किसी के दुख-सुख में खड़ा होने से बड़ा कोई धर्म नहीं। श! हम भी इतना निश्छल हो पाते.. अपने दांतों में सोना मढ़वा ,हाथों में जीवनसाथी के नाम का गोदना गोदवा सात जन्मों का आरक्षण सुनिश्चित कर परम संतुष्टि की अनुभूति करते।

**-डॉ उर्मिला सिन्हा रांची झारखंड**

## इंसानों की मौत मारे जाओगे



गली की नुक्कड़ पर मुखिया कुत्ता अल सुबह अखबार पढ़ रहा था, एकाएक उसकी नजर अखबार की खास खबर पर पड़ी ,

लो ,,,,,,,,,, आज भी वही खबर ,अखबार वालों को और नजर नहीं आती कोई दूसरी खबर ,

अनपढ़ ,अनगढ़, प्रौढ़ और उनके छोटे बड़े पिल्लो का झुंड मुखिया के इर्द-गिर रोजाना की भाति आज भी मुखिया के मुख से अखबार की कुछ खास खबरें सुनने के लिए अपने कान लगाए बैठे थे। झुंड के सभी कुत्ते एक साथ बोले कौन सी खबर,,, कौन सी खबर,,,,, सरदार।

कुत्तो के सरदार ने कुछ देर रुक सभी कुत्तों की ओर मुखातिब होकर अफसोस जाहिर करते हुए बोला,,,, आये दिन चलते रास्ते इंसानों को जी चाहे ,जो चाहे ,जब चाहे छोटे बड़े वाहन देखकर टक्कर अपनी चपेट में ले रहे हैं और बिन मौत रोजाना मारे जा रहे हैं , झुंड के सभी कुत्तों ने आंखें फाड़ कर मुह पर उंगली रखकर आश्चर्यचकित होकर एक दूसरों की ओर देखा सरदार जोर से बोला,,,,, ,, ,,,, देखो रे तुम लोग भी जरा सावधानी रखा करो सम्बल कर चला करो

वरना तुम भी इंसानों की मौत मारे जाओगे।

**भीमसिंह पँवार भीमू,इन्दौर**



# राऊ बायपास सर्कल पर फ्लाई ओवर की एक भुजा का हुआ लोकार्पण

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** इंदौर के राऊ बायपास सर्कल पर यातायात के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए फ्लाईओवर की एक भुजा का लोकार्पण शनिवार को किया गया। इस आयोजन में सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिकगण उपस्थित थे। सांसद श्री शंकर लालवानी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और राजमार्ग परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस फ्लाईओवर से न केवल बायपास क्षेत्र में ट्रैफिक सुगम होगा बल्कि यात्रियों का समय भी बचेगा। कार्यक्रम में विधायक श्री मधु वर्मा ने कहा कि यह फ्लाईओवर क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### 1.2 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर, 43 करोड़ रूपये की लागत से तैयार

फ्लाईओवर की यह भुजा महाराष्ट्र से इंदौर की ओर आने वाले वाहनों के लिए खोली गई है। यह 1.2 किलोमीटर लंबा है और इसे 43 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। जल्द ही फ्लाईओवर की दूसरी भुजा को भी शुरू कर दिया जाएगा, जिससे यहां का यातायात पूरी तरह सुचारू हो सकेगा। राऊ बायपास सर्कल पर रोजाना लगभग 1 लाख वाहनों के यातायात का दबाव होता है और यहां जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

# केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री नायडू आज इंदौर एयरपोर्ट को देंगे बड़ी सौगात

**नए एटीसी, फायर सेफ्टी भवन एवं जीरो वेस्ट एयरपोर्ट की मिलेंगी सुविधाएं इंदौर देश का पहला जीरो वेस्ट एयरपोर्ट होगा**

### सांसद श्री शंकर लालवानी ने किया एयरपोर्ट का निरीक्षण



**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** इंदौर एयरपोर्ट पर सात मंजिला एटीसी भवन एवं तकनीकी ब्लॉक तैयार हो चुका है। इसी भवन में नया फायर स्टेशन भी बनाया गया है। साथ ही इंदौर के नाम अब एक और उपलब्धि जुड़ने जा रही है। यहां का देवी अहिल्या एयरपोर्ट देश का पहला जीरो वेस्ट एयरपोर्ट होगा। रविवार 22 दिसम्बर को केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू इन सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के नगरीय आवास एवं विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय एवं सांसद श्री शंकर लालवानी भी मौजूद रहेंगे। केंद्रीय मंत्री के दौरे के पहले सांसद श्री शंकर लालवानी ने एयरपोर्ट का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सांसद श्री शंकर लालवानी ने बताया कि आने वाले भविष्य के इंदौर को ध्यान में रखकर इंदौर एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। साथ ही इंदौर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए भी केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से विस्तृत चर्चा हुई है। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट पर नया एटीसी एवं तकनीकी ब्लॉक बनाया गया है, जिसकी लागत 55 करोड़ रूपये है। एटीसी टावर एवं तकनीकी ब्लॉक जिसमें नए फायर स्टेशन भी शामिल है। सात मंजिला एटीसी टावर पुराने टावर के मुकाबले क्षेत्र में दुगना है। इसका कुल एरिया 180 स्क्वायर मीटर है। तकनीकी ब्लॉक 4,410 स्क्वायर मीटर है। नया फायर स्टेशन 1491 स्क्वायर मीटर है।

# इंदौर नगर निगम को ग्रीन गवर्नेंस के लिए सस्टेनेबिलिटी क्रूसेडर अवॉर्ड 2024 से सम्मानित

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।**

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में शहर में स्वच्छता ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत किये जा रहे कार्यों के परिणाम स्वरूप इंदौर नगर निगम को आज प्रतिष्ठित *सस्टेनेबिलिटी क्रूसेडर अवॉर्ड 2024* प्रदान किया गया। यह पुरस्कार ग्रीन गवर्नेंस श्रेणी में जे. पी. श्रॉफ फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया। इंदौर नगर निगम के आयुक्त श्री शिवम वर्मा, आईएएस की ओर से उपायुक्त श्री शैलेश अवस्थी ने पुणे के ग्रैंड शेरेटन होटल में आयोजित इस भव्य समारोह में यह सम्मान प्राप्त किया। यह पुरस्कार इंदौर की स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, और स्थिरता (वेस्ट मैनेजमेंट




सस्टेनेबिलिटी) के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की मान्यता स्वरूप दिया गया। मुख्य अतिथि श्री नारायण मूर्ति की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के प्रमुख विशेषज्ञ और गणमान्य लोग उपस्थित थे। जूरी चेयरमैन डॉ. आर. ए. माशेलकर ने इस अवसर पर कहा, इंदौर नगर निगम ने सतत विकास और स्वच्छता के क्षेत्र में जो प्रयास किए हैं, वे पूरे देश के लिए अनुकरणीय हैं। यह पुरस्कार उनके समर्पण और कार्यशैली की सराहना है। पुरस्कार जूरी में अन्य प्रमुख सदस्यों में श्री प्रदीप भार्गव (चेयरमैन, स्ब्धष्टस्न), श्री आशीष गायकवाड़ (एमडी, हनीवेल), और डॉ. गणेश नटराजन (चेयरमैन, 5स्न वर्ल्ड) शामिल थे। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने कहा, यह सम्मान इंदौर नगर निगम के हर कर्मचारी और नागरिक की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। यह हमें भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में इंदौर की हरित पहल, स्मार्ट सिटी विकास, और स्वच्छता मॉडल को व्यापक रूप से सराहा गया। यह पुरस्कार इंदौर के नागरिकों और प्रशासन की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसने शहर को स्वच्छता और सतत विकास के नए मापदंड स्थापित करने में सक्षम बनाया। इंदौर नगर निगम का यह प्रयास अन्य शहरों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह प्रमाणित करता है कि सतत विकास और हरित पहल के साथ शहरों को स्मार्ट और स्वच्छ बनाया जा सकता है।






# जिला प्रशासन द्वारा लाल बाग परिसर में दो दिवसीय आवास मेले का आयोजन

## प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ताप्ती परिसर के आवास की हुई बुकिंग, 11 परिवारों ने इंदौर 311 ऐप के माध्यम से कराए आवास बुक

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।**

जिला प्रशासन द्वारा 21 एवं 22 दिसंबर 2024 को लाल बाग परिसर में दो दिवसीय आवास मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का उद्देश्य शहर में निर्माणाधीन आवासीय योजनाओं एवं कालोनियों में निम्न एवं मध्यम वर्गों के लिए प्लॉट एवं फ्लैट की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है, जिससे इच्छुक व्यक्ति अपनी पसंद की साइट का चयन कर आवास की सुविधा प्राप्त कर सकें। मेले में कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा क्रियान्वित प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) को भी स्टॉल लगाने के लिए स्थान दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अधीक्षण यंत्री श्री डी.आर. लोधी ने बताया कि महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार योजना के अधिकारी श्री अंकुश चौरसिया, सामाजिक विषय विशेषज्ञ सुश्री संतोषी गुप्ता, उपयंत्री श्री अभिनव राय एवं सुश्री सागरिका सहित अन्य कर्मचारियों ने शिविर में उपस्थित व्यक्तियों को योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। पहले दिन प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर निगम इंदौर द्वारा ट्रेजर फैंटेसी के पास निर्मित ताप्ती परिसर की शेष 1500 वन बीएचके आवासीय इकाइयों की बुकिंग के लिए लाभार्थियों का अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हुआ। लगभग 2556 लोगों ने शिविर में उपस्थित होकर योजना की जानकारी ली, जबकि 11 परिवारों ने इंदौर 311 ऐप के माध्यम से आवास बुक किए। अधीक्षण यंत्री श्री लोधी ने बताया कि योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए माननीय महापौर एवं आयुक्त के निर्देशानुसार ऑनलाइन बुकिंग पद्धति अपनाई गई है। नागरिक नगर निगम की ÷इंदौर 311÷ ऐप डाउनलोड कर योजना के सभी परिसरों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर फ्लैट बुक कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, शिविर में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा घोषित PMAY-2.0 हेतु रजिस्ट्रेशन संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई।

# साइबर ठगी में महत्वपूर्ण होते हैं शुरुवाती दो से तीन घंटे, इस दौरान की शिकायत, पैसा मिलने की उम्मीद

इंदौर। अगर आपके साथ साइबर ठगी हुई है, और आप तीन से चार दिन बाद शिकायत करने जाते हैं, तब बहुत कम उम्मीद है कि आपका रुपया आपको मिल जाए। लेकिन सच ये हैं कि ठगी होने के एक से तीन घंटे महत्वपूर्ण घंटे होते हैं। अगर इस समय आप ठगी की शिकायत करते हैं, तब आपसे ठगी की रकम आपको वापस मिलने की उम्मीद बढ़ जाती है।

अगर आपको लगता है कि आप साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं, तब आप सबसे पहले नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर के इस रिपोर्ट करें।अपने पास इससे जुड़े हर तरह के सुबूत को एकत्रित कर के रखिए। अगर 1930 पर फोन नहीं उठता है, तब साइबर क्राइम की वेबसाइट पर रिपोर्ट करें। जानकार ने बताया कि जागरुकता के अभाव में आजकल लोगों के साथ तेजी से स्कैम हो रहे हैं। लोग अनजाने में ऐसी लिंक पर क्लिक कर देते हैं या इसतरह के एप डाउनलोड कर लेते हैं और फिर उनका सारा निजी डाटा अपराधियों के पास आ जाता है। इसलिए किसी भी लिंक या एप को डाउनलोड करने से पहले ये जरूर जांच ले कि वहां लिंक सही है भी या नहीं। जानकार ने कहा कि जब भी वे शेयर मार्केट में निवेश करें तब सेबी से पंजीकृत एप्लीकेशन का ही उपयोग करें। उन्होंने कहा कि मार्केट में इसतरह के शेयर मार्केट से बहुत सारे फर्जी एप्लीकेशन हैं जो लोगों के निवेश किए गए रुपयों की ठगी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजकल फोन पर पार्ट टाइम नौकरी के बहुत सारे संदेश आते हैं, जिसमें लिखा होता है घर बैठे 20 से 30 हजार कमाओ। ये मैसेज केवल ठगी के लिए होते हैं। इसलिए इस तरह के मैसेज पर दी गई किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। उन्होंने कहा कि गूगल पर जब भी किसी वेबसाइट को सर्च करे, तब सबसे पहले स्पांसर्ड वेबसाइट आती है, ये स्पांसर्ड वेबसाइट अधिकतर जालसाजों की ओर से तैयार की गई हैं, जो हुबहू मूल वेबसाइट की तरह लगेंगी। इसलिए वेबसाइट सर्च करने के बाद आख मूंद कर वेबसाइट पर क्लिक करने से पहले देख ले कि कहीं ये स्पांसर्ड नहीं है।

आजकल बहुत सारे लोगों को काल आता है कि आपके नाम से एक पार्सल मिला है, जिसमें ड्रग्स, फर्जी पासपोर्ट, फर्जी सिम मिले हैं और कॉल करने वाला अपने आपको पुलिस, सीबीआई, ईडी या अन्य जांच एजेंसी का अधिकारी बन के वीडियो कॉल करता है। आप कॉल से इतने डर जाते हैं कि एक-एक करके जालसाजों द्वारा मांगी जा रही जानकारियों को उनसे साझा करते हैं। फिर वे आपसे ही मांगी गई जानकारी से आपको गिरफ्तारी का वारंट दे देता है और दो से तीन दिन डिजिटल अरेस्ट कर के रखता है। यानी अपराधी आपको वीडियो कॉल बंद नहीं करने देता है और न ही किसी को फोन करने की अनुमति देता है। इस बीच वहां आपसे आपकी जमा पूंजी दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर कराकर आपसे ठगी कर लेता है।

# जावरा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह

## - पूर्व गृहमंत्री के निवास पहुंचकर दी श्रृद्धांजलि - प्रदेश महासचिव कड़पा के निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**जावरा। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य सभा सांसद दिग्विजयसिंह शनिवार को जावरा पहुंचे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर कार्यकर्ताओं के साथ समय बीताया। राज्यसभा सांसद ने प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया, वहीं होटल जोयो से भूतेड़ा तक प्रस्तावित फ्लायओव्हर के विरोध में जन संघर्ष समिति के धरना स्थल पर पहुंचकर धरने को समर्थन देकर मामले में हस्तक्षेप करने और सरकार तक समिति सदस्यों की आवाज पहुंचाने की बात कहीं, वहीं प्रदेश महासचिव के निवास पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया, इस दौरान सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की।**





**पूर्व गृहमंत्री को दी श्रृद्धांजलि** -मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुनसिंह के कार्यकाल में प्रदेश के गृह और उद्योग मंत्री के साथ ही 7 अलग अलग विभागों के मंत्री रहे कुंवर भारतसिंह सोलंकी के निधन पर उनके नृसिंहपुरा स्थित गढ़ी पर पहुंचकर श्रृद्धासुमन अर्पित किए और उनके पूत्र नीतिराजसिंह को ढाढस बंधाते हुए उनकी पत्नी, पूत्री और बच्चों को दुःख की घड़ी में सांत्वना प्रदान की। राज्यसभा सांसद के साथ पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, पूर्व केबीनेट मंत्री और राधोगढ़ विधायक जयवर्धनसिंह, नागदा विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने भी श्रृद्धासुमन अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवारजनों के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

**कड़पा निवास पर हुआ भव्य स्वागत** -जावरा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजयसिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, विधायक जयवर्धन सिंह, पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर का जावरा प्रदेश कांग्रेस महामंत्री मोहम्मद यूसुफ कडपा के निवास पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जावरा नगर पालिका कार्यवाहक अध्यक्ष एवं ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुशील कोचटा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ हमीरसिंह राठौड़, जावरा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप राव मंडलोई, प्रेमसुख पाटीदार, कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, शांतिलाल दसेड़ा, दिनेश शर्मा कार्यवाहक अध्यक्ष रतलाम, हीरालाल मेहता, मोहनलाल सैनी,महादेव पाटीदार, नपा पार्षद आसिफ कबाड़ी, मुस्तकीम मंसूरी, इरफान कुरैशी, विनोद औरा, अनीश कल्याणे, अहमद भाई, निजामुद्दीन पेपा, आमिर खान, जिला पंचायत सदस्य राजेश भरावा, डी.पी.धाकड़ के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सभी नेताओं का जोरदार स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर जावरा नगर पालिका के विभिन्न वार्डों के विकास हेतु सांसद निधि से विकास कार्य की मांग भी रखी गई।

**जनता की हित देखे सरकार, ठेकेदार का नहीं** -जावरा पहुचें राज्य सभा सांसद होटल जोयो चौराहे पर जनसंघर्ष समिति के धरना स्थल पर पहुंचे और समिति के धरना आंदोलन को समर्थन देते हुए हस्ताक्षर अभियान के रजिस्टर में हस्ताक्षर भी किए। धरना स्थल पर मौजुद लोगों को सम्बोधित करते हुए सांसद सिंह ने कहा कि राज्य सरकार केन्द्र सरकार विकास कार्य करती हैं, विकास कार्य करें, लेकिन ऐसा भी विकास ना करे जिससे आम जनता प्रभावित हो, लोगों का व्यापार प्रभावित हो, मध्यप्रदेश सरकार उज्जैन से लेकर जावरा तक जो फोरलेन बना रही हैं, उसमें संसोधन करें, वर्तमान में भूतेड़ो से जोयो तक जो फ्लायओव्हर बना रहे हैं उससे इस रोड़ के दुकानदार प्रभावित होंगे, व्यापार व्यवसाय चौपट हो जाएगा। सरकार विकास करें, लेकिन उसमें जनता के हित की भावना जुड़ी हो ना कि ठेकेदार के हित की, समिति जो धरना प्रदर्शन कर रही हैं, उसमें वे और कांग्रेस समस्त विधायक व पदाधिकारी उनके साथ हैं, समिति एक बायपास का मॉडल बनाकर मुझे देवे में सरकार तक उनकी बात पहुंचा कर चर्चा करुंगा और आपी समस्या का समाधान करने का प्रयास करुंगा। राज्यसभा सांसद के साथ धरना स्थल पर पूर्व केबीनेट मंत्री कांतिलाल भूरिया, विधायक जयवर्धनसिंह, दिलीपसिंह गुर्जर ने भी धरना आंदोलन को समर्थन दिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य डीपी धाकड़, राजेश भरावा, पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद युसूफ कड़पा, समिति के असलम मेव आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में आयोजित प्रशिक्षको द्वारा ''ध्यान'' के लाभ से कराया अवगत

**शाजापुर, निप्र। नगर में संयुक्त राष्ट महासंघ द्वारा ध्यान और ध्यान के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया गया है। को पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा दिये गये निर्देश पर एसपी यशपाल सिंह राजपुत के निर्देशानुसार विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में कार्यशाला का आयोजन किया गया।**





इस कार्यशाला का उद्देश्य पुलिसकर्मियों में ध्यान के महत्व को समझाना और इसके विभिन्न लाभों तक पहुंचाना है। पुलिस बल में लगातार कार्य की परिस्थितियों से उपजे तनाव में ध्यान के माध्यम से अवसाद/तनाव प्रबंधन, बेहतर स्वास्थ्य, प्रसन्नचित्तता, कार्य के प्रति समर्पण, सामाजिक प्रतिबद्धता, संवाद कौशल, पारिवारिक सामंजस्य एवं सकारात्मकता जैसे गुणों का विकास करना संभव है। निम्नलिखित बिन्दुओ के माध्यम से प्रशिक्षको द्वारा सुक्ष्मता से ध्यान के महत्व को बताया गया~ बेहतर प्रबंधन और एकाग्रता ध्यान के माध्यम से व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में बेहतर प्रबंधन और एकाग्रता प्राप्त की जा सकती है। पारिवारिक सामंजस्य~ - ध्यान से व्यक्ति के व्यवहार में सुधार होता है, जिससे पारिवारिक संबंध मजबूत बनते हैं। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ - ध्यान शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, मानसिक शांति प्रदान करता है, और आध्यात्मिक विकास में सहायक होता है।

**नशे की आदतों से बचाव~** ध्यान के अभ्यास से नकारात्मक आदतों और व्यसनों को छोड़ने में मदद मिलती है। तनावमुक्ति और आंतरिक शांति ध्यान तनाव को कम करता है और व्यक्ति के भीतर गहरी शांति का अनुभव कराता है।कार्यशाला में भाग लेने वाले लोगों को ध्यान के महत्व और इसे जीवन में अपनाने के सरल तरीकों के बारे में जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम आंतरिक शांति और मानसिक संतुलन प्राप्त करने के लिए प्रेरणादायक रहा। जिसमें अनुभवी प्रशिक्षको के साथ पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारी सम्मिलित हुये ।

**जीडीसी में ध्यान सत्र का आयोजन-** शाजापुर, निप्र। जिला मुख्यालय पर स्थानीय किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। क्रीड़ा अधिकारी नीतेश गुप्ता द्वारा छात्राओं को तनाव मुक्ति एवं ध्यान का व्यवहारिक अभ्यास कराते हुए ध्यान से संबंधित अन्य जानकारियां दी गई। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी. मूंदड़ा, श्री अनिल नागर, श्रीमती दीपिका गुप्ता, महेश पाटीदार, डॉ. संदीप कुमार सिह, डॉ. रितेश महाड़िक, डॉ. कपिल जाटव, विजयसिंह विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

**बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज-**एनसीसी एवं क्रीडा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व ध्यान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के स्टॉफ सदस्यों, एनसीसी, एनएसएस एवं विद्यार्थियों द्वारा विश्व ध्यान दिवस पर ध्यान सत्र का अभ्यास किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. एस. विभूति ने शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य की बेहतरी करते हुए व्यक्तिगत कौशल का उन्नयन एवं सर्वश्रेष्ठ योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होनें कहा कि जीवन में अगर शरीर को स्वस्थ्य रखना हो तो हमें ध्यान मुद्रा की नियमित गतिविधियो को अपनाना होगा। योग प्रशिक्षक बाबूलाल गोयल ने कहा कि सशस्त्र संघर्ष, जलवायु संकट और तीव्र तकनीकी प्रगति जैसी वैश्विक चुनौतियों के समय में ध्यान शांति, एकता और करूणा विकसित करने का एक शक्तिशाली साधन है। ध्यान के माध्यम से आंतरिक शांति को बढ़ावा देकर वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को अधिक कार्यकुशल बनाया।

### राष्ट्रीय गणित दिवस 22 दिसम्बर विशेष

# गणित से सरल कोई विषय नहीं है शिक्षक दीपक निमाडे

हर साल भारत में 22 दिसंबर का दिन राष्ट्रीय गणित दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह दिन गणित के जादूगर और देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को समर्पित है। इस दिन का मकसद लोगों में मानव जीवन के विकास के लिए गणित के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है। आमतौर पर बच्चे गणित को कठिन विषय मानते हैं, जबकि खंडवा के शिक्षक दीपक निमाड़े का मानना है कि गणित से सरल कोई विषय नहीं है। प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक गणित हल करने के लिए पहाड़े जरूरी हैं। इसलिए पहाड़े आना जरूरी है। इसके मद्देनजर खंडवा की दुबे कालोनी निवासी 56 वर्षीय शिक्षक दीपक निमाड़े बच्चों को बगैर रटे एक से 100 तक के पहाड़े चुटकियों में आसपास की झुग्गी बस्ती के बच्चों को निशुल्क स?िखा रहे हैं।

**गरीब बच्चोंञ के प्रति समर्पित-**शिक्षा के दान से गरीब बच्चों का जीवन रोशन करने वाले शिक्षक निमाड़े स्वयं बेहद गरीब हैं। एसएससी गणित होने के बाद भी शासकीय नौकरी नहीं मिलने से निजी स्कूलों और अतिथि शिक्षक के रूप में सेवाएं देकर परिवार का गुजर-बसर कर रहे है। इसके बावजूद वे गरीब बच्चों के प्रति समर्पित है। यूट्यूब पर ऑनलाइन भी दे रहे शिक्षा।

**चुटकियों में सिखा देते हैं पहातड़े-**शिक्षक दीपक निमाडे का जो एक से 100 तक के पहाड़े आसानी से चुटकियों में बिना याद किए सीखा देते है। साथ ही गणित के कठिन विधियों को भी जादुई विधि से हल करने की कला बच्चों को सीखा रहे हैं। इंटरनेट पर यूट्यूब पर वीडियो के माध्यम से भी यह कठिन से कठिन लगने वाले सवालों को हल करने की विधि बच्चों को सीखा रहे हैं।

### लायंस क्लब बड़वानी सिटी के कार्य सराहनीय और अनुकरणीय

# आधिकारिक यात्रा पर बड़वानी पधारे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर

बड़वानी। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3233 जी1 लायन योगेंद्र रूणवाल अपनी आधिकारिक यात्रा पर बड़वानी पधारे। लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब के सचिव लायन नकुल पटेल ने बताया कि स्थानीय जलसा पैलेस में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें में मंच पर मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन योगेंद्र रूणवाल, विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी लायन कैज़ार हुसैन बोहरा, ज़ोन चेयरपर्सन लायन शकील अहमद चंदेरी और क्लब के पित्र पुरुष वरिष्ठ लायन केटी




मंडलोई उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मेलविन जॉन्स के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। लायन डॉ कविता भदौरिया ने ध्वज वंदना प्रस्तुत की तथा लायन राम जाट ने स्वागत उद्बोधन दिया। क्लब कोषाध्यक्ष लायन देवेंद्रपालसिंह भाटिया द्वारा सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। वहीं लायन महेश जोशी ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का जीवन परिचय पढ़ा।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन योगेंद्र रूणवाल ने बताया कि लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा भोजन सेवा, नेत्रदान, नेत्र शिविर और हैप्पी कीट जैसे सेवा कार्य पूरे डिस्ट्रिक्ट में सराहनीय और अनुकरणीय है। उन्होंने लायन सदस्यों को पिन लगाकर सम्मानित भी किया किया तथा लायन राम जाट के सेवा कार्यों के लिए उन्हें इंटरनेशनल पिन और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा सेवा कार्यों में सहयोग करने वाले सेवा मनीषियों डॉ ललित मालव, नेत्र सहायक रविन्द्र टेकाम, रसोई केंद्र सहयोगी शोभना राठौर, तृप्ती मायरीया, सेवंती भालसे, जानकी शर्मा, सुनिता सोलंकी, युसुफ खान, आसिफ खान और पर्यावरण प्रहरी महेंद्र सिंह चौहान एवं कालू बर्डे को सम्मान पत्र दिया गया। साथ ही जिला परियोजना समन्वयक प्रमोद शर्मा एवं भरत रावल को क्लब के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। अंत में अतिथियों को क्लब द्वारा स्मृति चिंह दिए गए।

संचालन लायन अनिल जोशी ने किया एवं आभार लायन महेश जोशी ने माना। इस अवसर पर लायन एमपीएस भदौरिया, लायन सुधीर पांडे, लायन किशोरसिंह ठाकुर, लायन जितेंद्र जैन, लायन नीना जैन, लायन रामकृष्ण गुप्ता, लायन महेश शर्मा, लायन राजेश गुप्ता, लायन संतोष भावसार, लायन राहुल अग्रवाल, लायन साबिर हुसैन रौनक, लायन आनंद हल्दीवाल, लायन राधाकृष्ण गुप्ता, लायन निर्मला जोशी, लायन ज्योति शर्मा, लायन ममता जाट, रतलाम के लायन बीके जोशी सहित लायंस क्लब अंजड़ के साथी उपस्थित थे।



# मां नर्मदा रोहिणी तीर्थ राजघाट पहुंच मार्ग हुआ खराब

### आने-जाने में नर्मदा भक्तों को हो रही परेशानियां

बड़वानी। शहर से सटे मां नर्मदा रोहिणी तीर्थ राजघाट जाने वाले रास्ते पर ईंट से भरे हुए ट्रैक्टरों के द्वारा पूरे तट (रास्ते) को खराब कर दिया जाता है। साथ ही रोहिणी तीर्थ राजघाट जाने वाले रास्ते पर ही ईंट संचालकों के द्वारा सड़क पर ही कोयला खाली किया जा रहा है।

ईंट भट्ठों के बीच में जो भी मिट्टी आ रही है, उसे सड़क पर फेंक दी जाती है। जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त समस्या को लेकर पूर्व में भी प्रशासन को अवगत कराया गया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु परिक्रमा यात्री मां नर्मदा जी के दर्शन के लिए आते हैं। जिन्हें बड़ी समस्याएं होती हैं। प्रशासन से निवेदन है कि ईंट भट्ठों का संचालन सड़क के दोनों साईड कम से कम 20 फीट पीछे होना चाहिए। जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो।

### विश्व ध्यान दिवस पर शिवकुंज योगा ग्रुप ने किया सामूहिक ध्यान

# ध्यान, धर्म और कर्म के त्रिवेणी संगम के साथ आनंद क्लब सदस्यों ने किया सामूहिक ध्यान

### आशादीप आनंद क्लब बड़वानी का आयोजन

बड़वानी। ध्यान मन मस्तिष्क का वह यान है, जहां संपूर्ण शरीर आत्म साक्षात्कार के साथ संपूर्ण ब्रह्मांड की यात्रा करता है तथा स्वयं को शांत रख अपने आपको एकाग्रता प्रदान करता है। उक्त बातें शिवकुंज आशाग्राम ट्रस्ट में कलेक्टर एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ राहुल हरिदास फटिंग के मार्गदर्शन में विश्व ध्यान दिवस पर सामूहिक ध्यान के दौरान शिवकुंज योगा ग्रुप के संयोजक लव कुमरावत, हीरा यादव एवं दलजीत सिंह बुद्धराजा ने कही। आशीष जोशी, अंशुल महाजन एवं संदीप मुकाती ने बताया कि आंतरिक शांति एवं वैश्विक सद्भाव के मूल मंत्र के साथ आनंद विभाग के मार्गदर्शन में शिवकुंज योगा ग्रुप आशाग्राम एवं आशादीप आनंद क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सामूहिक ध्यान आयोजित किया गया।



इस दौरान ग्रुप सदस्यों ने अनुलोम विलोम, कपालभाति, ताड़ासन, वृक्षासन एवं भ्रामरी आदि क्रियाएं की। वहीं सामूहिक ध्यान द्वारा मन की शांति तथा आध्यात्म से एकाग्रता की ओर बढने् का संदेश भी दिया। सामूहिक श्रमदान करते हुए शिवकुंज पर्यटन स्थल से स्वच्छता का संदेश देते हुए सभी साधकों द्वारा सफाई की गई। इस अवसर पर ध्यान, धर्म और कर्म का त्रिवेणी संगम नजर आया। जिससे आमजन भी जुड़ कर आनंदित हुए। कार्यक्रम में आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर अनिल जोशी द्वारा आवश्यक परामर्श दिया गया। इस दौरान आशादीप आनंद क्लब के अध्यक्ष, शिवकुंज योगा ग्रुप के सभी सदस्य एवं आशाग्राम ट्रस्ट के कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं का किया जाए विश्लेषण - कलेक्टर

बड़वानी। जिले में आए दिन सड़क दुर्घटना के केस बढ़ रहे हैं, जिससे सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या पिछले वर्षों से तुलनात्मक रूप से बढ़ रही है। ऐसे मार्गों को चिंहित करें जहां सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं तथा लोगों की मृत्यु होती है। साथ ही यह भी विश्लेषण करे कि कहीं एक ही मार्ग तो नहीं जहां सड़क दुर्घटना में मृत्यु के केस ज्यादा आ रहे हैं।

कलेक्टर डॉ राहुल फटिंग ने उक्त निर्देश शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। इस दौरान कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि दुर्घटना वाले स्थानों पर विशेष कलर के चिंह लगाए, साथ ही मानक अनुसार स्पीड ब्रेकर भी बनाए। बैठक के दौरान एसपी ने यह भी निर्देशित किया कि जिले में 18 ब्लेक स्पाट चिंहित है, पर इन स्पाट का निरीक्षण कर नए स्पाट भी चिंहित करे। वहीं ब्लेक स्पाट वाले स्थानों पर साइन बोर्ड भी लगाए।

# सीएम हेल्पलाईन के निराकरण में जिला पुनः टॉप पांच पर

बड़वानी। कलेक्टर डॉ राहुल फटिंग द्वारा सीएम हैल्प लाईन की निरंतर समीक्षा किए जाने एवं विभागीय अधिकारियों को शिकायत का निराकरण करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के फ्लस्वरूप बड़वानी जिला नवम्बर माह में भी सीएम हैल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में प्रदेश के टॉप 5 जिलों में सम्मिलित रहा है। लोकसेवा प्रबंधक श्रीमती शारदा सराफने बताया कि माह नवंबर में कुल 2166 शिकायतें प्राप्त हुई थी। जिनमें से 1870 शिकायतें संतुष्टि पूर्ण बंद की गई। जिले के ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग नगरीय प्रशासन, खाद्य त्रिभाग, गृह विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, वित्त विभाग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग उद्यानिकी विभाग परिवहन विभाग, लोक निर्माण, जल संसाधन, लोक सेवा प्रबंधन विभाग स्कूल शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग ए ग्रेड में रहे। कलेक्टर डॉ राहुल हरिदास फटिंग ने जिले में सीएम हैल्प लाईन के टॉप 5 में आने पर सभी अधिकारियों को बधाई दी एवं सभी अधिकारियों को आम जनता की शिकायतों का शतप्रतिशत निराकरण करने के लिए आदेश किया।

# विश्व ध्यान दिवस पर हुआ कार्यक्रम

बड़वानी। लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश के अनुसार आनंद ग्राम भीलखेड़ा में भी विश्व ध्यान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत शासकीय माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को ध्यान एवं योग, अनुलोम, विलोम कराया गया। साथ ही नकारात्मकता को दूर करने में ध्यान का क्या महत्व हैं यह बताया। इस अवसर पर प्रधान पाठक नंदेश सोलंकी, शिक्षक अनारसिंह अवास्या, मनीष जोशी एवं श्रीमती अनिता चोयल उपस्थित थे



# बॉथम ने एशेज 2025 पर बड़ा फैसला दिया वे यहां जीतने के लिए आएंगे

**ब्रिस्बेन। इंग्लैंड के प्रसिद्ध ऑलराउंडर इयान बॉथम को विश्वास है कि उनकी पूर्व टीम अगले साल की एशेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कमाल करेगी। भले ही क्रो-थोर्प ट्रॉफी इंग्लैंड ने जीत ली, लेकिन हार के तरीके ने मेहमान टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को निराश कर दिया।**

हालांकि, एशेज 2025 के लिए अपनी पूर्व टीम में बॉथम के आत्मविश्वास पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा है। उन्होंने पहले दो मैचों में न्यूजीलैंड को हराया। जब तक तीसरा मैच खेला गया, तब तक सीरीज खत्म हो चुकी थी। मैं इंग्लैंड के हार मानने को समझ सकता हूं। इंग्लैंड के खिलाड़ी जिस तरह से खेलते हैं, वह बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाता है। यह एक शानदार सीरीज होनी चाहिए। वे दो आक्रामक टीमें हैं, बॉथम ने



सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा। पिछले साल एशेज 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई थी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने कलश बरकरार रखा था, इंग्लैंड ने भारत (4-1) और पाकिस्तान (2-1) के खिलाफ सीरीज में हार स्वीकार की है। यहां तक ??कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में भी, जबकि इंग्लैंड फाइनल से बाहर हो गया है, ऑस्ट्रेलिया गदा को बचाने के अपने संकल्प में मजबूत है।

एशेज में भी, स्कोरलाइन ऑस्ट्रेलिया के प्रभुत्व को रेखांकित करती हैफिर भी बॉथम को नहीं लगता कि युवा इंग्लिश टीम ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सितारों से डरेगी। किस बात से घबराई हुई? वे नहीं घबराएंगी। बिल्कुल इसके विपरीत। मुझे लगता है कि वे उत्साहित होंगी। इंग्लैंड अच्छी स्थिति में है। वे हेडलाइट में खरगोश नहीं होंगे, मैं आपको इसका आश्वासन दे सकता हूं। वे इसके लिए तैयार हैं, बॉथम ने कहा।

मुझे लगता है कि वे यहां जीतने के लिए आएंगे। वे बस जीतने के बारे में सोचते हैं। यह एक अच्छा रवैया है। आप सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलना चाहते हैं, और ऑस्ट्रेलिया इस मामले में सबसे आगे है। यहां आने से पहले उन्हें काफी टेस्ट क्रिकेट खेलना है, इसलिए मुझे लगता है कि वे अच्छी स्थिति में होंगे, उन्होंने कहा।एशेज 2025 ऑस्ट्रेलिया में होगी, जिसकी शुरुआत 21 नवंबर को पर्थ में होगी।

## भारतीय गेंदबाजों ने नेट सत्र में दिखाया दम

**मेलबर्न ।** बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले, भारतीय गेंदबाजों ने शनिवार



को मेलबर्न में नेट अभ्यास में अपना दम दिखाया। जोश भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मेलबर्न में अभ्यास सत्र में पसीना बहाते भारतीय गेंदबाजों की एक क्लिप साझा की। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, आकाश दीप, नितीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर सभी ने श्रृंखला के महत्वपूर्ण टेस्ट मैच से पहले अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बीसीसीआई ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। पर्दे के पीछे की गई अथक मेहनत ही मैदान पर सफलता दिलाती है। बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए तैयार होने के साथ ही भारतीय गेंदबाज हर तरह से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

# भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ मेरे पास कुछ योजनाएं है: कोंस्टास

**मेलबर्न।**

**युवा ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारतीय गेंदबाजों का सामना करने के लिए बेताब हैं और उनका कहना है कि अगर उन्हें बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के चौथे मैच में मौका मिलता है तो उनके पास जसप्रीत बुमराह एंड कंपनी के लिए पहले से ही कुछ योजनाएं हैं।**

कोंस्टास ने फॉक्स क्रिकेट से कहा, मेरे पास उन (भारतीय) गेंदबाजों के खिलाफ कुछ योजनाएं हैं। मुझे लग रहा है कि मैं वाकई अच्छा खेल रहा हूं और उम्मीद है कि मुझे वह मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, मैं बस गेंद पर प्रतिक्रिया करने जा रहा हूं और थोड़ा इरादा दिखाने जा रहा हूं और गेंदबाजों पर थोड़ा दबाव डालूंगा। 2 अक्टूबर को 19 साल के हो चुके कोंस्टास को बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में चुना जाता है, तो वह कप्तान पैट कमिंस के बाद ऑस्ट्रेलिया के सबसे कम उम्र के टेस्ट डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे, जिन्होंने 2011 में जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डेब्यू करते समय 18 साल




और 193 दिन की उम्र में डेब्यू किया था। डेब्यू करना बहुत बड़ा सम्मान होगा। एक सपना सच होने जैसा है। मुझे लगता है कि (एमसीजी में) पहले से ही सभी खिलाड़ी बिक चुके हैं, उन्होंने कहा।मैं बहुत उत्साहित हूं (भारत से भिड़ने के लिए)। मैं चुनौती लेना चाहता हूं। कोंस्टास उस समय नेट्स में थे, जब ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने उन्हें अंतिम दो टेस्ट के लिए शामिल किए जाने की खबर दी।मैं बहुत रोमांचित था। मैंने तुरंत अपने माता-पिता को फोन किया... मां रो रही थीं, इसलिए मैं उन्हें रोने के लिए मना रहा था। पिताजी बहुत गर्वित थे। यह एक अद्भुत यात्रा रही है। सभी उतार-चढ़ाव - उनके बलिदानों के लिए बहुत आभारी हूं। वे मेरे लिए बहुत सहायक रहे हैं। कोंस्टास ने कहा कि जिस खिलाड़ी मैकस्वीनी की जगह उन्होंने टीम में लिया था, उन्होंने उनके शामिल होने की खबर सुनने के बाद उन्हें बधाई दी थी। नाथन मैकस्वीनी तीनों प्रारूपों में बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं - उन्होंने आज सुबह मुझे बधाई दी, इसलिए हम बहुत करीबी दोस्त हैं। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। कोंस्टास को याद नहीं है कि उन्होंने कब क्रिकेट खेलना शुरू किया था, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उनके पिता ने खेल में उनकी सफलता में बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। मुझे याद है कि (मैंने खेलना शुरू किया) शायद चार या पाँच साल की उम्र में। पिताजी हमेशा मुझे मेरे बड़े भाई बिली और जॉनी के साथ प्रशिक्षण देते थे। मेरे पिताजी अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। मुझे लगता है कि मैंने उनके कंधे को चोटिल कर दिया है! कोंस्टास ने कहा।



## फैंस को जोड़ती और प्रेरित करती हैं...

मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर एक रोमांचक घोषणा की। आगामी प्रोजेक्ट सलाकार के सेट से पर्दे के पीछे की तस्वीरें साझा कीं। लिखा, मेस्ट्रो और म्यूज तैयार हो जाइए 2025 के लिए। फैंस इस प्रोजेक्ट और मौनी की भूमिका के बारे में अनुमान लगा रहे हैं। विवरण गोपनीय हैं, फिल्म की रिलीज़ 2025 में तय की गई है। अभिनेत्री के लिए एक रोमांचक साहसिक कार्य के रूप में और अधिक जिज्ञासा पैदा कर रही है। मौनी रॉय एक उद्यमी के रूप में भी अपनी छाप छोड़ रही हैं। वह बदमाश नामक एक रेस्टोरेंट चेन की मालिक हैं, जो अपनी बॉलीवुड वाइब और प्रामाणिक भारतीय व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध है। स्क्रीन पर हो या बाहर, मौनी अपने फैंस को जोड़े रखती हैं और प्रेरित करती रहती हैं।

## अनुष्का शेट्टी नये अवतार में दिखेंगी

दक्षिण की अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी की आगामी फिल्म घाटी इस साल नहीं बल्कि अगले साल की गर्मियों में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में वो एक घाटी की रानी की तरह दुश्मनों के छक्के छुड़ाती नजर आएंगी। फिल्म घाटी में अनुष्का शेट्टी के हाव भाव से उनका किरदार काफी गुस्से वाला और रहस्यमयी नजर आ रहा है। अनुष्का शेट्टी कृष जगरलामुदी की आगामी निर्देशित फिल्म घाटी में दमदार किरदार में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में अनुष्का को पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया गया है। हाल ही में, निर्माताओं ने एक शानदार पोस्टर के साथ रिलीज की तारीख का खुलासा किया। घाटी शुक्रवार, 18 अप्रैल, 2025 को बड़े पर्दे पर रिलीज के लिए तैयार है। इसकी घोषणा करते हुए, निर्माताओं ने एक्स पर लिखा, द क्वीन अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में बॉक्स ऑफिस पर राज करेगी। घाटी 18 अप्रैल, 2025 को दुनिया भर में भव्य रिलीज होगी।







# मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया अल्पना टॉकीज तिराहे पर सड़क व नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना। . सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को शहर के हमीदिया रोड पर अल्पना तिराहे से भारत टॉकीज तिराहे पर निर्माणाधीन सड़क एवं नाले के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सारंग ने निर्माण कार्य में अनियमितताओं और लापरवाही पर अधिकारियों के समक्ष नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर ही पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर संजय मस्के को जमकर फटकार लगाई। मंत्री श्री सारंग ने सड़क व नाली निर्माण के नक्शे और सर्वे के बारे में जानकारी मांगी तो उसपर भी अधिकारी जवाब नहीं दे सके। जिसको लेकर मंत्री श्री सारंग ने निमार्ण कार्य रोककर सर्वे व ड्राइंग-डिजाईन तैयार कर पूरा प्लान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टर से लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, मेट्रो और यातायात सहित सम्बंधित सभी विभागों के साथ बैठक कर प्लान तैयार करने के निर्देश दिये।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि इस नाले का चैनेलाइजेशन पातरा नाले में किये जाने से उसपर दबाव बढ़ेगा। जिससे बारिश के समय भोपाल में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जायेगी और इससे 10 लाख लोग प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की बाढ़ की स्थिति न बने यह सुनिश्चित करने के लिये सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

## निरीक्षण के दौरान मिली खामियां

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सारंग ने पाया कि निर्माण कार्य बिना उचित सर्वेक्षण और योजना के शुरू किया गया है। नगर निगम द्वारा बनाई गई नाली नीचे है, जबकि पीडब्लूडी द्वारा बनाई गई नाली ऊंची है। पीडब्लूडी की लापरवाही के कारण नाली में पानी की निकासी नहीं हो सकेगी। नालियों का निर्माण भी सही तरह से नहीं किया गया है। वहीं जब मंत्री श्री सारंग ने चीफ इंजीनियर से परियोजना की प्लानिंग और सर्वेक्षण की जानकारी मांगी तो अधिकारी निरुत्तर रह गए। इस पर मंत्री ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

## न ड्राइंग न डिजाईन ठेकेदार अपनी मर्जी से कर रहा निर्माण कार्य

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सारंग ने पाया कि ड्राइंग और डिजाइन न होने के कारण ठेकेदार अपनी मनमर्जी से निर्माण कार्य कर रहा है। जहां जितनी आवश्यकता नहीं है वहाँ भी ठेकेदार द्वारा बड़ा निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिससे शासन के पैसों की बर्बादी हो रही है। मंत्री श्री सारंग ने निमार्ण कार्य रोककर सर्वे कर ड्राइंग-डिजाईन तैयार कर पूरा प्लान बनाने के निर्देश दिए।

## सड़कों पर उड़ते धूल के गुब्बारे से आवागमन हुआ दूभर

मंत्री श्री सारंग ने निरीक्षण के दौरान यह भी पाया कि नाले के निर्माण के बाद बैक फिलिंग भी गुणवत्तायुक्त जीरा गिट्टी से ना कर नाली खुदाई से निकले मलबे से ही कर दी गई है। जिससे धूल के गुब्बारों से नागरिकों का आवागमन दूभर हो गया है। इसके साथ ही कई स्थानों पर बगैर अतिक्रमण हटाये ही निर्माण कार्य किया गया है, जिससे नाली आड़ी- तिरछी बनी है 7 इसको लेकर मंत्री श्री सारंग सख्ती दिखाते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार करने के साथ ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिये।

## 10 लाख लोग होंगे प्रभावित

पातरा नाले में चेनेलाइजेशन के लिए आवश्यक नगर निगम की एनओसी भी नहीं ली गई थी। मंत्री श्री सारंग ने इस अनियमितता को गंभीरता से लिया और नगर निगम के साथ समन्वय न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बगैर योजनाबद्ध चैनेलाइजेशन के पातरा नाले में पानी डिस्चार्ज करने से यह नाले निर्माण कार्य शहर में बाढ़ का कारण बन सकता है, जिससे 10 लाख से अधिक लोग प्रभावित होंगे। मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि भविष्य में ऐसी परिस्थिति से बचने के लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा समन्वय के साथ योजना बनाई जाए।

## सर्वे और प्लानिंग के पश्चात होगा निर्माण

मंत्री श्री सारंग ने हा कि प्लानिंग और सर्वे के पश्चात ही कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कलेक्टर से लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, मेट्रो और यातायात विभाग को आपस मे समन्वय कर सुव्यवस्थित योजना तैयार करवाने के कहा। उन्होंने कहा कि यदि एक ही नाले में पानी जाएगा तो भोपाल शहर में बाढ़ की स्थिति बनेगी। निर्माण कार्य तत्काल रोक कर सर्वे और प्लानिंग करने के बाद ही काम शुरू किया जाये।

## समन्वय से होगा विकास कार्य

अल्पना तिराहे से भारत टॉकीज तिराहे की ओर लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क और नाली निर्माण कार्य को लेकर मंत्री श्री सारंग ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को एक साथ मिलकर काम करने और जनता की सुरक्षा व सुविधा को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

# एक कप कॉफी के लिए देना पड़ रही नोटों की गड्डियां

## सीरिया में महंगाई से हाहाकार

**दमिश्क ।** कभी इतिहास और सभ्यता का प्रतीक रहा सीरिया आज गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। देश में महंगाई ने इस कदर हाहाकार मचाया है कि लोगों को रोजमर्रा की चीजों के लिए नोटों के गड्डियां लेकर चलना पड़ रहा है। एक कप कॉफी की कीमत अब 25,000 सीरियन पाउंड तक पहुंच गई है, जिससे आम लोगों का जीवन बेहद कठिन हो गया है।

## महंगाई और आर्थिक संकट का हाल

सीरिया में मौजूदा आर्थिक संकट गृहयुद्ध, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और वैश्विक अलगाव का नतीजा है। हाल ही में राष्ट्रपति बशर अल-असद के देश छोड़ने और तख्तापलट के बाद स्थिति और बिगड़ गई है। सीरियन पाउंड की भारी गिरावट और बढ़ती महंगाई ने नागरिकों की जिंदगी को पूरी तरह से बदल दिया है।

## पर्स छोड़कर नोटों के बंडल साथ लेकर चलते हैं लोग

हाल ही में ट्रेवल ब्लॉगर इलोना करफिन ने अपने एक इंस्टाग्राम वीडियो में सीरिया के हालात का कच्चा चिट्ठा पेश किया। उन्होंने बताया कि अब लोग पर्स रखना छोड़ चुके हैं, क्योंकि खरीदारी के लिए नोटों के बंडल लेकर चलना पड़ता है।

इलोना ने बताया कि रेस्टोरेंट के





मेन्यू में कीमतें लिखी नहीं जातीं, क्योंकि चीजों की कीमतें लगातार बदलती रहती हैं। विदेशी ब्रांड्स ने देश से अपने उत्पाद हटा लिए हैं, और नागरिक पूरी तरह से स्थानीय उत्पादों पर निर्भर हो गए हैं।

## महंगाई की जड़

सीरियन पाउंड, जो एक समय 1 अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 50 पाउंड के बराबर था, अब 15,000 पाउंड प्रति डॉलर तक गिर गया है। इसके कारण रोजमर्रा की जरूरत की चीजें भी आम नागरिकों की पहुंच से बाहर हो गई हैं।

## सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

इलोना करफिन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसे अब तक 10 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है। कई यूजर्स ने सीरिया के हालात पर अफसोस जताते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। एक यूजर ने लिखा, यह देखना दिल तोड़ने वाला है कि एक देश ऐसी स्थिति में पहुंच गया है। वहीं, एक अन्य ने कहा, ऐसे हालात में जीने की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

## अंतरराष्ट्रीय मदद की कमी पर सवाल

वीडियो पर लोगों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की निष्क्रियता पर सवाल उठाए। एक यूजर ने लिखा, दुनिया को सीरिया के पुनर्निर्माण में मदद करनी चाहिए। हालांकि, कुछ लोगों ने सीरियाई नागरिकों की सहनशीलता और जीवटता की तारीफ करते हुए लिखा, इतनी मुश्किलों के बावजूद वे जीवन जीने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## क्या है रास्ता ?

विशेषज्ञों का मानना है कि सीरिया को आर्थिक संकट से उबारने के लिए अंतराष्ट्रीय मदद और घरेलू नीतियों में सुधार की सख्त जरूरत है। साथ ही, प्रतिबंधों में ढील और स्थिर राजनीतिक माहौल से देश की स्थिति को बेहतर किया जा सकता है। महंगाई और आर्थिक संकट के इस दौर में सीरिया की जनता का जीवन हर दिन एक नई चुनौती बन गया है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com